फर्द अहकाम

कार्यालय जिला कलक्टर, राजसमंद जिला राजसमंद

श्री सुनील कुमार विजयवर्गीय नि0 Q-3, गोविन्द नगर हाउसिंग बोर्ड, धोईन्दा जिला राजसमन्द पिन 313342

– अपीलार्थी

बनाम

लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार भीम – प्रत्यर्थी

किस्म मुकदमा – अपील सूचना का अधिकार, 2005 **पत्रावली संख्या 49/2024**

क्रमांक	कार्यवाही विवरण	हस्ताक्षर पार्टी तथा सूचनाए जारी की गई

दिनांक 21.08.2024

पत्रावली पेश हुई। अपीलार्थी उपस्थित। अपीलार्थी द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 अंतर्गत वांछित सूचना लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार भीम से प्राप्त नहीं होने से इस कार्यालय में सूचना प्राप्ति हेतु प्रेषित प्रथम अपील को दर्ज रजिस्टर किया जाकर लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार भीम से वांछित सूचना अपीलार्थी को उपलब्ध कराते हुए रिपोर्ट इस न्यायालय को भिजवाने हेतु निर्देशित किया गया।

लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार भीम से जरिये पृष्ठांकित अपीलार्थी क्रमांक /सू0अ0/2024/321–322 दिनांक 30.07.2024 से प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार प्रार्थी द्वारा चाही गई वांछित सूचना अपीलार्थी को उपलब्ध करा दी गई है। लेकिन अपीलार्थी द्वारा उपस्थित होकर निवेदन किया कि लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार भीम से वांछित सूचना प्रापत नही हुई।

लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार भीम की रिपोर्ट एवं अपीलार्थी द्वारा प्रस्तुत प्रथम अपील का अवलोकन किया गया। लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार भीम की रिपोर्ट के अनुसार अपीलार्थी द्वारा चाही गयी सूचना अपीलार्थी को जरिये पत्र क्रमांक :– आर.टी.आई./2024/371–372 दिनांक 23.07.2024 से उपलब्ध करा दी गई हैं। किन्तु अपीलार्थी के असंतुष्ट होने से लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार भीम को आदेशित किया जाता है कि अपीलार्थी को वांछित सूचनाओं के संबंध में उपलब्ध रिकार्ड के अनुसार निरीक्षण कराकर उनकी प्रमाणित प्रतिलिपी नियमानुसार अपीलार्थी को उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित करें। अतः उक्त प्रकरण इसी स्टेज पर निर्णित किया जाता है।

निर्णय की प्रति अपीलार्थी, लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार खमनोर को भिजवायी जावे।

पत्रावली फैसल शुमार होकर दर्ज रजिस्टर नंबर से कम की जाकर दाखिल दफ्तर हो।

Bullo

लोक सूचना अपीलीय अधिकारी
(जिला कलक्टर) राजसमंद

न्यायालय जिला कलक्टर राजसमन्द (राज.)